भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *276
दिनांक 13 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

भेषज क्षेत्र को बढ़ावा देने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका

***276. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणेः**

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा ब्लॉक चेन आदि जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों के महत्व पर ध्यान दिया है जो देश में भेषज क्षेत्र को बढ़ावा देने में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और देश में इस क्षेत्र के लाभ के लिए ऐसे तकनीकी विकास का लाभ उठाने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) देश में भेषज क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
रसायन एवं उर्वरक मंत्री (श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

"भेषज क्षेत्र को बढ़ावा देने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका" के संबंध में श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे द्वारा पूछे जाने वाले दिनांक 13.12.2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 276 (16वां स्थान) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख): जी, हां। औषध विभाग ने फार्मा-मेडीटेक क्षेत्र योजना में अनुसंधान और नवाचार का संवर्धन (पीआरआईपी) योजना के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के क्षेत्रों सहित इस क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के संवर्धन के लिए कदम उठाए हैं। इसके अतिरिक्त, औषध विभाग के तत्वावधान में नाईपरों ने ऐसे पाठ्यक्रम शुरू किए हैं जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी से संबंधित विषयों को कवर करते हैं और वे औषध क्षेत्र के लिए इन क्षेत्रों में मानव संसाधन क्षमताओं का विनिर्माण करने के लिए छात्रों को एआई-आधारित उपकरणों में प्रशिक्षण भी प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, जैव प्रौद्योगिकी विभाग वहनीय और सुलभ स्वास्थ्य सेवा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोग के लिए परियोजनाओं का भी सहयोग करता है।

(ग): भारत सरकार ने औषध और चिकित्सा उपकरण क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय किए हैं, जिनमें महत्वपूर्ण प्रमुख प्रारंभिक सामग्री, औषधि मध्यवर्ती और सक्रिय औषध सामग्री के लिए पीएलआई योजना; औषध के लिए पीएलआई योजना; चिकित्सा उपकरणों के लिए पीएलआई योजना; चिकित्सा उपकरण पार्क योजना; बल्क औषधि पार्क योजना का कार्यान्वयन करना; चिकित्सा उपकरण उद्योग योजना और पीआरआईपी योजना का सुदृढ़ीकरण करना शामिल है।

*****